दिनांक : 30.06.2025
समय : 07.10pm

## मुख्य समाचार

- प्रदेश में तीन महीने से चल रहे जल गंगा सर्वधन अभियान का हुआ समापन।
- धरती आबा अभियान के तहत लोगों को किया गया जागरूक।
- जीएसटी संग्रह में उछाल, पांच साल हुआ दोगुना।
- प्रदेश के कई जिलों में बारिश का दौर जारी।

जल गंगा संवर्धन अभियान

प्रदेश में तीन महीने से चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान का आज समापन हो रहा है। जल स्रोतों के संरक्षण और संवर्धन के लिए चलाए जा रहे इस अभियान के दौरान प्रदेश में 2 हजार 48 करोड़ रुपयों की लागत से 83 हजार से ज्यादा तालाब बनाए गए हैं। इनके पानी से खेतों में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। अभियान के तहत चालीस लाख लोगों की भागीदारी से पांच हजार से अधिक जल स्त्रोतों का जीर्णोद्वार किया गया है। समापन का राज्यस्तरीय कार्यक्रम खंडवा में आयोजित हुआ, जहां से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 1 हजार 518 करोड़ रुपए से अधिक लागत के जल संरक्षण कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने कहा–

श्योपुर में निषादराज भवन में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में खंडवा के वाटरशैड सम्मेलन का सीधा प्रसारण किया गया। देवास और शिवपुरी में अच्छा काम करने वाले सरपंचों को सम्मानित किया गया। छिंदवाड़ा में बारिश के पानी को खेतों में रोकने के तरीके समझाए गए। नीमच के ग्राम दड़ोली में समापन समारोह आयोजित किया गया। अभियान की अवधि के दौरान शहडोल में 3027 जलदूतों ने अपना पंजीयन कराया है। झाबुआ, नर्मदापुरम, जिले में भी समापन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

प्रधानमंत्री–यात्रा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया की पांच देशों की यात्रा पर रवाना होंगे। विदेश मंत्रालय में आर्थिक संबंध सचिव दम्मू रवि ने आज नई दिल्ली में बताया कि प्रधानमंत्री अगले महीने की दो से तीन तारीख तक अपनी पांच देशों की यात्रा के पहले चरण में घाना की यात्रा करेंगे। यह घाना की उनकी पहली यात्रा होगी। उन्होंने कहा कि श्री मोदी घाना के राष्ट्रपति के साथ बातचीत करेंगे। दोनों देश मजबूत आपसी साझेदारी की समीक्षा करेंगे और आर्थिक, ऊर्जा और रक्षा सहयोग के अवसरों पर चर्चा करेंगे।

चार धाम यात्रा

उत्तराखंड में तेज बारिश के कारण चार धाम यात्रा पर लगाया गया अस्थायी प्रतिबंध, आज हटा लिया गया। प्रशासन ने यहां आने–जाने वाले वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित करने के निर्देश दिए हैं। आपको बता दें कि पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण यहां पर प्रमुख नदियों का जलस्तर बढ़ गया है और पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन के कारण 100 से ज्यादा सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं। गंगोत्री और यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्गों सहित कई स्थानों पर भूस्खलन की सूचना मिली है। मलबा हटाने के लिए मशीनें और कर्मचारी मौके पर तैनात हैं, लेकिन लगातार हो रही बारिश के कारण सड़क बहाली के प्रयासों में बाधा आ रही है। प्रशासन ने निवासियों तथा तीर्थयात्रियों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

हैदराबाद विस्फोट

तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में एक दवाई की फैक्ट्री में आज हुए विस्फोट में 12 कर्मचारियों की मौत हो गई और 26 से ज़्यादा लोग घायल हो गए। इस घटना में कंपनी का परिसर पूरी तरह से जल गया। विस्फोट के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मारे गए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस घटना में अपने प्रियजनों को खोने वाले लोगों के प्रति संवेदना

व्यक्त की है। श्री मोदी ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपये और दुर्घटना में घायल हुए लोगों को 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को घायलों को बेहतर चिकित्सा सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है।

धरती आबा

15 जून से 30 जून 2025 तक "धरती आबा जनभागीदारी अभियान" के अंतर्गत जिलों में जागरूकता और लाभ संतृप्ति शिविर आयोजित किए गए। इस श्रृंखला में छिन्दवाड़ा जिले के 09 विकासखंडों में हितग्राही मूलक योजनाओं से संबंधित शिविरों का आयोजन किया गया। बालाघाट और ग्वालियर में भी कार्यक्रम आयोजित किये गये।जनजातीय कार्य विभाग द्वारा अपील की गई है कि जिन हितग्राहियों ने अब तक विभिन्न योजनाओं का लाभ नहीं लिया है, वे निर्धारित तिथियों को अपने निकटतम शिविर में उपस्थित होकर लाभ अवश्य प्राप्त करें।

## राष्ट्रपति

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि अन्य क्षेत्रों की तरह प्रौद्योगिकी पशु चिकित्सा औषधि और देख-रेख में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने की क्षमता रखती है। उत्तर प्रदेश के बरेली में आज सुबह भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान - आईवीआरआई के 11वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि प्रौद्योगिकी का उपयोग देशभर के पशु चिकित्सा अस्पतालों को सशक्त बना सकता है।**

## जीएसटी संग्रह

**वित्त वर्ष 2024-25 में वस्तु और सेवा कर- जीएसटी का सकल संग्रह पांच साल में दोगुना होकर 22.8 लाख करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है। 2020-21 में कुल संग्रह 11.37 लाख करोड़ रुपये था। जीएसटी डेटा के अनुसार, औसत मासिक संग्रह 1.84 लाख करोड़ रुपये रहा। कल, वस्तु और सेवा कर को लागू हुए आठ साल पूरे हो जाएंगे।**

केंद्र–राज्य बैठक

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह नई दिल्ली में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सहकारिता मंत्रियों की मंथन बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं। इसमें सहकारिता क्षेत्र की प्रगति की समीक्षा हो रही है। सहकारी क्षेत्र को मजबूत करने के सामूहिक लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विचारों का आदान–प्रदान किया जाना है। इस बैठक के दौरान ग्रामीण सेवा वितरण को मजबूत करने के लिए दो लाख नई बहुउद्देश्यीय प्राथमिक कृषि ऋण समितियों और डेयरी तथा मत्स्य पालन सहकारी समितियों की स्थापना सहित सभी प्रमुख अभियानों पर चर्चा की जा रही है। इसमें सहकारी क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना पर भी विचार–विमर्श किया जाना है। इस योजना का उद्देश्य खाद्य सुरक्षा को मजबूत करना और किसानों का सशक्तिकरण करना है।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश जिलों में बारिश का क्रम जारी है। पिछले 24 घंटों के दौरान शहडोल, उज्जैन, ग्वालियर सहित कई संभाग के जिलों में अच्छी बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने कल भी प्रदेश के कई जिलों में अतिभारी बारिश होने की चेतावनी जारी की है। ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, उमरिया, डिण्डोरी, कटनी, मंडला, पन्ना दमोह के लिए विशेष चेतावनी जारी की गई है।

## विंबलडन

**लंदन के ऑल इंग्लैंड क्लब में विंबलडन टेनिस प्रतियोगिता आज से शुरू हो गई है। पुरूष सिंगल्स में 12वीं वरीयता प्राप्त अमरीका के फ्रांसेस टिओफे दूसरे दौर में पहुंच गये हैं। उन्होंने डेनमार्क के एल्मर मूलर को 6-3, 6-4, 6-2 से हराया।**

**महिला सिंगल्स के अपने पहले मैच में 14वीं वरीयता प्राप्त यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना ने हंगरी की अन्ना बोंडर पर 6-3, 6-1 से जीत हासिल की।**

**इस टूर्नामेंट में चार भारतीय खिलाडी पुरूष डबल्स में भाग ले रहे हैं। डबल्स मैच की शुरूआत 2 जुलाई से होगी। 13 जुलाई को पुरुष सिंगल्स फाइनल के साथ इस टूर्नामेंट का समापन होगा।**

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- झाबुआ जिले के गोपालपुरा रेलवे ब्रिज पर दाहोद–इंदौर रेल परियोजना के अंतर्गत 32 मीटर लंबी और 90 टन वजनी ब्रिज गर्डर को चढांया गया।
- ंरीवा, जिले में शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय रीवा के 56 विद्यार्थियों एवं तीन प्राध्यापकों ने अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट, बघवार, सीधी में औद्योगिक भ्रमण किया।
- रायसेन जिले की टीएल बैठक में कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने विभागवार सीएम हेल्पलाईन शिकायतों तथा निराकरण की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयावधि में निराकरण कराने के निर्देश दिए
- नीमच जिले में म.प्र.पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित क्विज प्रतियोगिता के लिए 9वी से कक्षा 12वीं तक के छात्र.छात्राएं 18 जुलाई तक पंजीयन करा सकते है।
- नॉर्दर्न कोलफील्डस लिमिटेड (एनसीएल) सिंगरौली के मुख्यालय में आज 16 जून से संचालित स्वच्छता पखवाड़े का समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

.....................................